# डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर, छ.ग.

## विशिष्ट कार्यों के संबंध में प्राचार्य द्वारा दिया गया प्रतिवेदन

## वर्ष 2020–21

1. **प्रवेश** – सत्रारंभ में महाविद्यालय में प्रवेश कार्य उच्च शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया गया। महाविद्यालय में कुल 1206 छात्राओं ने प्रवेश लिया।

2. **एन्टी रैगिंग समिति–** सत्रारंभ में ही अनुशासन समिति एवं एन्टी रैगिंग समिति का गठन कर लिया गया। आज दिनांक तक महाविद्यालय में किसी भी छात्रा की रैगिंग संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। महाविद्यालय में अनुशासन बना रहे इसके लिए बाहरी तत्वों का प्रवेश रोका गया। सुप्रीमकोर्ट की धारणा के अनुकूल उडनदस्ता तथा एंटी रैगिंग स्कैवड (ARS) का गठन संपन्न किया गया

3. **छात्रवृत्तियाँ–** पिछड़ा वर्ग की 144 छात्राएं, अनु. जाति 52 अनु.जनजाति की 28 छात्राओं, को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियां, 352 छात्राओं की बी.पी.एल छात्रवृत्ति 05 अल्पसंख्यक एवं 18 मेरिट कम पोस्ट मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है।

4. **प्रोत्साहन पुरस्कार–** महिला सेवा एवं कल्याण समिति रायपुर द्वारा कला एवं विज्ञान संकाय की सर्वाधिक अंक प्राप्त अंतिम वर्ष की छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

5. **मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना–** महाविद्यालय में यह योजना प्रारंभ की गई जिसमें विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी छात्रा, सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी कैडेट एवं सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस छात्रा को पुरस्कार दिए गए। यह पुरस्कार राशि दानदाताओं द्वारा दी गई। यह योजना अनवरत जारी रखी जाएगी। इस पुरस्कार योजना में समाज के गण मान्य नागरिकों के अलावा जनभागीदारी सदस्यों के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

6. **शैक्षणिक कैलेन्डर** – सत्र् 2020–21 के लिए उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर घोषित किया गया। छात्राओं के सम्यक मूल्यांकन की व्यवस्था हेतु आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा का निर्देश है। महाविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर के निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। 'प्रथम सत्र् परीक्षा', 'द्वितीय सत्र् परीक्षा', 'प्री फाइनल परीक्षा' ऑन लाइन प्लेटफार्म में महाविद्यालय

स्तर पर की गई। अंतिम परीक्षा वार्षिक परीक्षा की पूर्व तैयारी के सदृश्य कराई गई। इसके अतिरिक्त चार यूनिट टेस्ट मासिक लिए गए। महाविद्यालय में समस्त सातों परीक्षा आयोजित की गई ताकि छात्राएं अनवरत रूप से अध्ययनरत् रहें।

7. **एनएसएस-** सत्र् 2020-21 में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगा दिवस, वृक्षारोपण एक कार्यकर्ता एक वृक्ष, रक्त दान जनजागरूकता व कोविड़ एस.ओ.पी पर जागरूकता, एड्स जागरूकता कार्याक्रम, एड्स दिवस पर पोस्टर, स्लोगन एवं निबंध उक्त सभ कार्यक्रम छात्राओं से ऑन लाइन प्लेटफार्म में उनके घर पर ही आयोजित किये गये और छात्राओं को पुरस्कृत किया गया है।

8. **एनसीसी-** सत्र् 2020 -21 एन.सी.सी की गतिविधियां महाविद्यालय में ऑन लाइन प्लेटफार्म पर संपादित की गयीं। जिसमें दिक्षा ऐप में ट्रेनिंग, कोविड़ सेफि्टि ड्राईव ऑन लाइन योगा, ऑनलाइन EBSB कैम्प, प्लानटेशन कविता पाठ प्रतियोगिता, पोस्टर मैकिंग, ऑन लाइन संविधान उद्शिका का पठ्न, मूल अधिकारों का पठ्न, कोविड़ 19 का जन आंदोलन जागरूकता, ऑन लाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, स्मारक स्वच्छता अभियान, चंद्रखुरी कौशल्या माता मंदिर सांस्कृतिक प्रस्तुति, गणतंत्र दिवस परेड, फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत सायकलिंग, महिला दिवस सेलेब्रेशन, एन.सी.सी दिवस।

9. **ग्रंथालय-** छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए महाविद्यालय में ग्रंथालय की व्यवस्था है, जिसमें विभिन्न मदों को मिलाकर लगभग 17000 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस सत्र् में शासन द्वारा प्राप्त आबंटन से ग्रंथालय में 600 पुस्तकों की वृद्धि हुई है। महाविद्यालय में 3 समाचार पत्र, 8 पत्रिकाएं तथा 08 शोध पत्रिकाएं नियमित रूप से आती हैं जिनका उपयोग छात्राएँ, शोधार्थी एवं प्राध्यापक करते हैं। एन लिस्ट की वार्षिक सदस्यता ग्रहण कि गयी तथा छात्राओं शिक्षकों और अन्य संबंधित शोधार्थी इसका प्रयोग महाविद्यालय कि बेवसाइट के माध्यम से कर रहें है। सोल साफ्टवेयर को कय किया गया एवं महाविद्यालय के 2 कर्मचारियों द्वारा अहमदाबाद में ट्रेनिंग ली गयी।

10. **साहित्यिक गतिविधियां-** सत्र् 2020-21 में साहित्य समिति के द्वारा आई. क्यू.ए.सी. के तहत अध्ययन आध्यापन के अतिरिक्त छात्राओं में हिन्दी भार्षा एवं साहित्य के प्रति अभिरूचि ज्ञानवर्द्धन के लिए विविध साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया । जुलाई में प्रेमचंद्र जयंती के उपलक्ष्य में प्रेमचंद द्वारा रचित प्रसिद्ध

कहानी ' नमक का दरोगा' का नाट्य रूपान्तरण श्री ललित सुरजन, दैनिक देशबंधु रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं सम्पादक के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालयीन छात्राओं द्वारा सफल अभिनय किया गया। सितंबर में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 8 से 14 सितंबर तक हिन्दी कहानी पाठ एवं समीक्षा विषय पर सात दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का सार्थक आयोजन किया गया। नवबंर में वक्तामंच के तहत छत्तीसगढ़ की महान विभूतियाँ विषय पर छत्तीसगढ़ के अनेकानेक संत, शहीदवीर, महापुरूषों एवं लोक कलाकारों को लेकर 53 छात्राओं ने अपने विचार रखे जनवरी 2019 में अर्न्तमहाविद्यालयीन कविता पाठ एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता के अन्तर्गत शासकीय दू.ब. स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, कलिंगा विश्वविद्यालय एवं डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर आदि महाविद्यालयों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

11. **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** – गणित विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान एवं तार्किक प्रश्नावली प्रतियोगिता ऑन लाइन प्लेटफार्म पर समय समय पर करवायी गयी है।

12. **कैरियर काउंसलिंग सेल**– सत्र् 2020–21 में Tata Institute of Social Sciences के अंतगर्त महाविद्यालय कि छात्राओं को Fundamental Couse के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व को परिष्कृत करने हेतु एच.डी.एफ.सी बैंक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ।

13. **शोध गतिविधियाँ**– महाविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं हिन्दी विभाग में शोधार्थी अध्ययनरत रहें। अर्थशास्त्र कि छात्रा कु रश्मि टोप्पों एवं कु. एकता एक्का एवं कु. मनीषा अग्रवाल ने अपने शोध ग्रंथ मूल्याकंन हेतु वि.वि. प्रस्तुत किये जिस पर शोध उपाधि मिलना शेष है।

14. **सामाजिक गतिविधियाँ:– सद्भावना कोष** – महाविद्यालय में सत्र् 2009 से सद्भावना कोष की स्थापना की गई हैं जिसका उद्देश्य ऐसे छात्राओं की आर्थिक सहायता प्रदान करना जो अपने प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क एवं अध्ययनगत आवश्यक कार्यो को किसी आर्थिक कारणवश न कर पा रहे हो यह कोष महाविद्यालय के प्राध्यापक सहा. प्रध्यापक कर्मचारी एवं भूतपूर्व छात्राओं तथा प्राचार्य एवं अधिकारियों के दान द्वारा प्राप्त राशि से संचालित होता है।

15. **अन्य** – महाविद्यालय कि 2 शोध छात्राओं का सहा. प्राध्यापक अर्थशास्त्र में पी.एस.सी परीक्षा के द्वारा चयन हुआ।